दिनांक-14.07.2021
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में शुद्ध जलापूर्ति के मुद्दे पर बीएसपी के रूख पर कलेक्टर ने जताई सख्त नाराजगी
-बीएसपी प्रबंधन को लिखा पत्र , कहा टाउनशिप के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी , इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास नहीं

-गंगरेल नहर पूरी क्षमता से कर रहा सप्लाई, मरोदा टैंक 47 प्रतिशत भरा हुआ, बीएसपी प्लांट तथा टाउनशिप में 21 दिनों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध

-पुराने फिल्टर प्लांट को त्वरित अपडेट करने का कार्य आरंभ करें बीएसपी प्रबंधन और तब तक शुद्ध पेयजल प्रदाय के लिए बनाये ठोस कार्ययोजना

दुर्ग 14 जुलाई 2021/ बीएसपी टाउनशिप में शुद्ध जल की आपूर्ति के मुद्दे पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बीएसपी प्रबंधन के प्रति सख्त नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को इस संबंध में पत्र भी लिखा है। पत्र में कलेक्टर ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप के रहवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना बीएसपी प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब टाउनशिप से साफ पेयजल को लेकर लोगों ने शिकायत की तो प्रशासन ने बीएसपी प्रबंधन को इसे ठीक करने निर्देश दिया था। इसके बाद बीएसपी प्रबंधन ने कहा कि कुछ दिनों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करा देंगे। साथ ही बीएसपी प्रबंधन को यह भी कहा गया था कि बगैर फिल्टर प्लांट को अपडेट किये शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को पूरी तरह ठीक करना संभव नहीं है, इसके बावजूद फिल्टर प्लांट को अपडेट करने की दिशा में अब तक कुछ भी ठोस निर्णय प्रबंधन द्वारा नहीं लिया गया है। बीएसपी प्रबंधन ने मरोदा टैंक में खरखरा जलाशय से जलापूर्ति पर सवाल उठाये तो गंगरेल से जलापूर्ति सुनिश्चित की गई। गंगरेल की नहर पूरी क्षमता के साथ मरोदा टैंक को पानी सप्लाई कर रही है और जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जलाशय की पूर्ण भराव क्षमता का 47 प्रतिशत भरा हुआ है। यह आपूर्ति 21 दिनों के लिए बीएसपी एवं भिलाई टाउनशिप में पानी देने पर्याप्त है। आज भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री सुरेश पांडेय ने जाकर मरोदा टैंक भी देखा। यहाँ पानी बिल्कुल साफ है। इससे स्पष्ट है कि आधुनिक पैमानों के मुताबिक अपडेट नहीं होने के कारण और काफी पुराना होने की वजह से बीएसपी का जलशोधन संयंत्र शुद्ध जल के मानकों में पूरी तरह खरा नहीं उतर रहा।

बीएसपी प्रबंधन को चाहिए कि समस्या की जड़ पर काम करें। फिल्टर प्लांट को तुरंत अपडेट करने की कार्रवाई आरंभ करें तथा इस कार्रवाई के पूरे होने तक शुद्ध जल प्रदाय का ऐसा सिस्टम तैयार करे जिससे लोगों को साफ पेयजल मिल सके। टाउनशिप के परिवारों के प्रति बीएसपी प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी है और ऐसे में जिम्मेदारी के निर्वाह के लिए जब तक ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाये जाएंगे, नागरिकों में असंतोष बना रहेगा। यह स्थिति प्रशासन द्वारा स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर ने इस संबंध में ठोस निर्णय और कार्ययोजना को लेकर अवगत कराने के निर्देश बीएसपी प्रबंधन को दिये हैं।